कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी,वन एवं वन्य जीव प्रभाग,बरेली।
पत्रांक 4446 /14-1,बरेली,दिनांक, 05 जून, 2024।

सेवा में,

वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
वन एवं वन्य जीव, बरेली वृत्त,बरेली।

बिषयः– जनपद बरेली में बरेली–रामपुर मार्ग (पुराना एन0एच0–24) किमी0 242, चैनेज 241.650, प्लाट नं0–सी0पी03, सी0बी0गंज तहसील–सदर, जिला बरेली पर रियल वर्चुअल वर्क्स प्रा0 लि0 द्वारा विकसित किये जा रहे सिक्का होटल के सम्पर्क मार्ग में प्रभावित 0.0922187 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 19 वृक्षों के पातन की अनुमति सम्बन्धी।
(Online Proposal No. FP/UP/Approach/49598/2020)

संदर्भः– आपका पत्रांक 3094/14–1, दिनांक 13.05.2022 एवं इस कार्यालय का पत्रांक 4456/14–1 दिनांक 25.05.2022

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के अनुपालन में प्रस्तावक द्वारा अपने पत्र दिनांक 31.05.2024 के माध्यम से प्रस्ताव में वर्णित आपत्ति के सापेक्ष बिन्दुवार आख्या प्रेषित की है जो निम्नवत हैः–

कम सं0	इंगित आपत्ति	प्रस्तावक द्वारा आपत्ति निराकरण आख्या
01	प्रस्ताव के परीक्षण से विदित हो रहा है कि होटक को विकसित किये जाने हेतु उसके पूरे फ्रन्ट के सामने आने वाली पूरी सड़क पटरी को उपयोग करने हेतु होटल द्वारा प्रस्ताव दिया गया है, जो उचित नहीं है होटल को मुख्य मार्ग तक आने जाने के लिए मात्र एक सम्पर्क मार्ग बनाने हेतु लगभग 10–12 फिट चौड़ी भूमि की ही आवश्यकता होगी।	वर्णित आपत्ति के अनुपालन में होटल को विकसित किये जाने हेतु लोक निर्माण विभाग, बरेली द्वारा ले–आउट प्लान अनुमोदित है। प्रस्तावित संरक्षित भूमि की मांग न्यूनतम एवं अपरिहार्य है एवं भूमि की गणना अनुमोदित ले–आउट प्लान के आधार पर की गयी है।

अतः प्रस्ताव ऑनलाईन आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीया,
05/06/2024
(दीक्षा भण्डारी)
प्रभागीय वनाधिकारी
वन एवं वन्य जीव प्रभाग, बरेली।

पत्रांक /14–1,दिनांकित।

प्रतिलिपि प्राधीकृत हस्ताक्षरकर्ता, रियल वर्चुअल वर्क्स प्रा0 लि0, सिक्का हाउस, सी– प्रीत विहार, विकास मार्ग दिल्ली–110092 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(दीक्षा भण्डारी)
प्रभागीय वनाधिकारी
वन एवं वन्य जीव प्रभाग, बरेली।

Scanned with OKEN Scanner